**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# AAJ SAMAJ

# महिलाओं की साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी: रेणु भाटिया

## आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज समाज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, विशेषकर साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित विभिन्न कानूनों को लेकर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया है। रेणु भाटिया आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।

उन्होंने भाटिया को पौधा भेंट कर स्वागत किया। भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ लक्षित साइबर अपराधों में साइबर स्टॉकिंग, साइबर मानहानि, अश्लील सामग्री का प्रसार और किसी की निजता में अतिक्रमण करना शामिल है जोकि आजकल बहुत आम है। वर्चुअल दुनिया में बढ़ते दायरे के कारण साइबर अपराध की संभावना बहुत अधिक होती जा रही है, जिसका



रेणु भाटिया को पौधा भेंट करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर। **आज समाज**

सॉफ्ट टारगेट अक्सर शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली लड़कियां होती हैं। भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूकता लड़कों के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितनी लड़कियों के लिए। लडकों को भी ऐसे अपराधों के परिणामों से भली-भांति परिचित होना चाहिए।

उन्होंने साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए भाटिया ने कहा कि प्रकृति एवं महिलाओं का परस्पर जुड़ाव है। जिस प्रकार महिलाओं का जीवन परिवार पर केन्द्रित होता है, उसी तरह से प्रकृति भी हम सबका पालन-पोषण करती है। उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष डॉ. रेणुका गुप्ता, डीएसडब्ल्यू कार्यालय और वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# AAJ SAMAJ

**अभियान** जेसी बोस विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को मिला पूर्व छात्र संघ का समर्थन

## विश्वविद्यालय में पौधरोपण कर देखभाल का लिया संकल्प

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र संघ ने विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को समर्थन दिया है। वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह के नेतृत्व में आज पूर्व छात्रों की 14 सदस्यीय टीम ने आज विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय जुलाई एवं अगस्त महीने के दौरान हरियाली पर्व मना रहा है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विश्वविद्यालय ने पौधरोपण अभियान शुरू किया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधरोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।

पौधरोपण अभियान में हिस्सा लेने वाले पूर्व छात्र संघ के सदस्य में प्रेम मल्होत्रा, अशोक झांब, एसके मिश्रा, नवीन सूद, अनिल कुमार भारद्वाज, एके नेहरा, सुनील शर्मा, सुनील यादव, मोहित वोहरा, जेपी अरोड़ा, डॉ. राज



कुमार सिंह, राजेश सहगल और चिराग गोयल शामिल रहे। पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और उन्हें पौधारोपण अभियान के लिए आमंत्रित करने और अभियान का हिस्सा बनाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर विभिन्न प्रकार के पौधे भी लगाए। पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने उनके द्वारा लगाये गये पौधों की देखरेख का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, निदेशक (एलुमनाई अफेयर) डॉ. संजीव गोयल, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इससे पहले कुलपति प्रो. तोमर ने अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रकृति और पर्यावरण के मुद्दों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय के पौधरोपण अभियान का उद्देश्य केवल पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उनकी उचित देखभाल भी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंत में प्रो. तिलक राज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# PIONEER

# 'हरित पहल' को मिला पूर्व छात्र संघ का समर्थन

## विश्वविद्यालय में किया पौधारोपण, पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र संघ ने विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को समर्थन दिया है। वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह के नेतृत्व में आज पूर्व छात्रों की 14 सदस्यीय टीम ने आज विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय जुलाई एवं अगस्त महीने के दौरान हरियाली पर्व मना रहा है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विश्वविद्यालय ने पौधारोपण अभियान शुरू किया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।



**पौधारोपण के उपरांत कुलपति प्रो. एसके तोमर के साथ पूर्व छात्र संघ वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह तथा अन्य सदस्य।**

पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेने वाले पूर्व छात्र संघ के सदस्य में प्रेम मल्होत्रा, अशोक झांब, एस.के. मिश्रा, नवीन सूद, अनिल कुमार भारद्वाज, एके नेहरा, सुनील शर्मा, सुनील यादव, मोहित वोहरा, जेपी अरोड़ा, डॉ राज कुमार सिंह, राजेश सहगल और चिराग गोयल शामिल रहे। पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# GURGAON MAIL

# महिलाओं की साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी : रेणु भाटिया



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 8 अगस्त। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया ने मौजूदा समय में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, विशेषकर साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित विभिन्न कानूनों को लेकर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया है।

रेणु भाटिया सोमवार को जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने की। उन्होंने श्रीमती भाटिया को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ लक्षित साइबर अपराधों में साइबर स्टॉकिंग, साइबर मानहानि, अश्लील सामग्री का प्रसार और किसी की निजता में अतिक्रमण करना शामिल है जोकि आजकल बहुत आम है। वर्चुअल दुनिया में बढ़ते दायरे के कारण साइबर अपराध की संभावना बहुत अधिक होती जा रही है, जिसका सॉफ्ट टारगेट अक्सर शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली लड़कियां होती हैं। रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूकता लड़कों के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितनी लड़कियों के लिए। लड़कों को भी ऐसे अपराधों के परिणामों से भली-भांति परिचित होना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए श्रीमती भाटिया ने कहा कि प्रकृति एवं महिलाओं का परस्पर जुड़ाव है। जिस प्रकार महिलाओं का जीवन परिवार पर केन्द्रित होता है, उसी तरह से प्रकृति भी हम सबका पालन-पोषण करती है। उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष डॉ रेणुका गुप्ता, डीएसडब्ल्यू कार्यालय और वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# PIONEER

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरुकता जरूरी

## जेसी बोस के कार्यक्रम में पहुंची हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष




**हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया को पौधा भेंट करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर।**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज समाज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, विशेषकर साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित विभिन्न कानूनों को लेकर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया है।

रेणु भाटिया आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद में हरियाली पर्व के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की। उन्होंने भाटिया को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ लक्षित साइबर अपराधों में साइबर स्टॉकिंग, साइबर मानहानि, अश्लील सामग्री का प्रसार और किसी की निजता में अतिक्रमण करना शामिल है जोकि आजकल बहुत आम है। वर्चुअल दुनिया में बढ़ते दायरे के कारण साइबर अपराध की संभावना बहुत अधिक होती जा रही है, जिसका सॉफ्ट टारगेट अक्सर शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली लड़कियां होती हैं।

भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विभिन्न कानूनों के बारे में जागरुकता लड़कों के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी लड़कियों के लिए। लड़कों को भी ऐसे अपराधों के परिणामों से भली-भांति परिचित होना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को मिला पूर्व छात्र संघ का समर्थन



*पौधारोपण के उपरांत कुलपति प्रो. एस.के. तोमर के साथ पूर्व छात्र संघ वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह तथा अन्य सदस्य। (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 8 अगस्त (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र संघ ने विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को समर्थन दिया है। वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह के नेतृत्व में आज पूर्व छात्रों की 14 सदस्यीय टीम ने आज विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय जुलाई एवं अगस्त महीने के दौरान हरियाली पर्व मना रहा है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विश्वविद्यालय ने पौधारोपण अभियान शुरू किया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने की। पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेने वाले पूर्व छात्र संघ के सदस्य में प्रेम मल्होत्रा, अशोक

## विश्वविद्यालय में किया पौधारोपण, पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

झांब, एस.के. मिश्रा, नवीन सूद, अनिल कुमार भारद्वाज, ए.के. नेहरा, सुनील शर्मा, सुनील यादव, मोहित वोहरा, जे.पी. अरोड़ा, डॉ राज कुमार सिंह, राजेश सहगल और चिराग गोयल शामिल रहे।

पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और उन्हें पौधारोपण अभियान के लिए आमंत्रित करने और अभियान का हिस्सा बनाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर विभिन्न प्रकार के पौधे भी लगाए। पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने उनके द्वारा लगाये गये पौधों की देखरेख का संकल्प भी लिया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

## HADOTI ADHIKAR

# महिलाओं की साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी : रेणु भाटिया

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 8 अगस्त। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया ने आज समाज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, विशेषकर साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित विभिन्न कानूनों को लेकर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया है।

रेणु भाटिया आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने की। उन्होंने भाटिया को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ लक्षित साइबर अपराधों में साइबर स्टॉकिंग, साइबर मानहानि, अश्लील सामग्री का प्रसार और किसी की निजता में अतिक्रमण करना शामिल है जोकि आजकल बहुत आम है। वर्चुअल दुनिया में बढ़ते दायरे के कारण साइबर अपराध की संभावना



बहुत अधिक होती जा रही है, जिसका सॉफ्ट टारगेट अक्सर शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली लड़कियां होती हैं। भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूकता लड़कों के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितनी लड़कियों के लिए। लड़कों को भी ऐसे अपराधों के परिणामों से भली-भांति परिचित होना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए श्रीमती भाटिया ने कहा कि प्रकृति एवं महिलाओं का परस्पर जुड़ाव है। जिस प्रकार महिलाओं का जीवन परिवार पर केन्द्रित होता है, उसी तरह से प्रकृति भी हम सबका पालन-पोषण करती है। उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष डॉ रेणुका गुप्ता, डीएसडब्ल्यू कार्यालय और वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# REPCO NEWS

# फिल्म और फोटोग्राफी के लिए प्रकाश कला विषय पर कार्यशाला का आयोजन



फरीदाबाद 8 अगस्त (रैपको न्यूज़)। विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक ज्ञान और कौशल-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों को जारी रखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा फिल्म और फोटोग्राफी के लिए प्रकाश कला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया।

एक दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला को पुरस्कार विजेता फोटोग्राफर और शिक्षक गगन गेरा ने संचालित किया। महर्षि नारद सेंटर फॉर मीडिया रिसर्च एंड प्रोडक्शन में आयोजित कार्यशाला में सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ पवन सिंह मलिक ने श्री गेरा का स्वागत किया और उन्हें एक पुस्तक भेंट की।

कार्यशाला की शुरुआत में उन्होंने छात्रों को फिल्म और फोटोग्राफी के लिए इस्तेमाल किये जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रकाश व्यवस्था के बारे में बताया। कार्यशाला के दौरान श्री गेरा ने पत्रकारिता के छात्रों को फोटोग्राफी की तकनीकी और कलात्मक बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण देने के अलावा उन्हें क्षेत्र में समकालीन रुझानों से अवगत करवाया।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस तरह से उपलब्ध प्रकाश का उपयोग करके हम अपनी फोटोग्राफी बेहतर बना सकते हैं। कार्यशाला में छात्रों को फोटोग्राफी के मूलभूत तकनीकी पहलुओं के बारे में प्रशिक्षित किया जिसमें रचना, फ्रेमिंग और प्रकाश व्यवस्था शामिल थी। इसके अलावा, फोटोग्राफी में बुनियादी तत्व, दृश्य भाषा की बारीकियां और प्रकाश के उपयोग से जुड़े सभी मूल सिद्धांत कार्यशाला के प्रमुख विषयों में से एक थे। कार्यशाला कक्षा शिक्षण और प्रशिक्षण का एक संयोजन थी। उन्होंने छात्रों को फील्ड में ले जा कर प्रशिक्षण दिया कि किस प्रकार से थर्मोकोल के रिफ्लेक्टर से ही प्राकृतिक प्रकाश के उपयोग से अपनी तस्वीरों को प्रभावी बना सकते हैं।

इससे पहले सत्र मॉडरेटर सहायक प्रोफेसर डॉ तरुणा नरूला ने रिसोर्स पर्सन का परिचय देते हुए कार्यशाला के महत्व को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला उभरते हुए फोटो पत्रकारों के लिए दृश्य कहानी कहने के लिए कला और फोटोग्राफी के तत्वों के बारे में जानने का महत्वपूर्ण अवसर रही।

कार्यशाला में बीएजेएमसी के विद्यार्थियों ने एवं लैब निर्देशक दुष्यंत त्यागी ने भाग लिया। डीन संकाय प्रो अतुल मिश्रा ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए विभाग को शुभकामनाएँ दी और कहा की इस तरह के व्याहारिक प्रशिक्षण छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# DAINIK BHASKAR

## जेसी बोस विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को मिला पूर्व छात्र संघ का समर्थन

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ ने विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को समर्थन दिया है। वाईएमसीए माब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पूर्व छात्रों की 14 सदस्यीय टीम ने विश्वविद्यालय का दौरा कर परिसर में पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय जुलाई एवं अगस्त माह के दौरान हरियाली पर्व मना रहा है। इस दौरान विश्वविद्यालय ने पौधरोपण अभियान शुरू किया है। पौधरोपण अभियान में हिस्सा लेने वाले पूर्व छात्र संघ के सदस्य में प्रेम मल्होत्रा, अशोक झांब, एसके मिश्रा, नवीन सूद, अनिल कुमार भारद्वाज, एके नेहरा, सुनील शर्मा, सुनील यादव, मोहित वोहरा, जेपी अरोड़ा, डॉ. राज कुमार सिंह, राजेश सहगल, चिराग आदि शामिल थे।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.08.2022**

# AMAR UJALA

## साइबर अपराध से बचाव के संबंध में दी जानकारी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को साइबर अपराधों से बचाव के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें कानून के विषय में भी बताया गया। इस मौके पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित वाईएमसीए में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।

इस मौके पर रेणू भाटिया को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों में साइबर मानहानि, अश्लील सामग्री का प्रसार और किसी की निजता में अतिक्रमण करना शामिल है। उन्होंने बताया कि वर्चुअल दुनिया में बढ़ते दायरे के कारण साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। संवाद